प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

दिनांक-13.11.2024 समय-7.10एएम

मुख्य समाचार :-

- प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों पर मतदान आज। 5 लाख से ज्यादा मतदाताओं के लिए 690 मतदान केन्द्र बनाए गए।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पर्यावरण और जलवायु के संरक्षण पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- प्रदेश में साइबर थानों का विस्तार किया जाएगा।
- नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल पर प्रसिद्ध बांद्राभान मेला आज से।

उपचुनाव

ग्यारह राज्यों की 33 विधानसभा और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए आज मतदान है। राजस्थान में सात, पश्चिम बंगाल में छह, असम में पांच, बिहार में चार, कर्नाटक में तीन और मध्य प्रदेश तथा सिक्किम में दो-दो सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सीहोर जिले की बुधनी सीट केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के लोकसभा सांसद बनने से रिक्त हुई थी। यहां पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव भाजपा और राजकुमार पटेल कांग्रेस से उम्मीदवार है। यहां से समाजवादी पार्टी भी मैदान में है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 76 हजार 397 मतदाता है, क्षेत्र में 363 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

श्योपुर जिले की विजयपुर सीट पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री राम निवास रावत भाजपा के उम्मीदवार है। वहीं कांग्रेस से मुकेश मल्होत्रा प्रत्याशी है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 54 हजार 714 मतदाता हैं। जिनके लिए 327 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। दोनों सीट पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

मतदान

दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया है कि मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। इससे मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक, राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज का इस्तेमाल किया जा सकता है।

कालिदास समारोह

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महाकवि कालिदास की अमर कृतियां मानवीय भावों को अद्भुत रूप से प्रदर्शित करती है और मानवीय मूल्य के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत है। उप राष्ट्रपति ने कल उज्जैन में अखिल भारतीय कालिदास समारोह के शुभारंभ समारोह में कहा कि महाकवि कालिदास की रचनाओं में मानव तथा प्रकृति के बीच अद्भुत एवं अटूट संबंध देखने को मिलता है। मेघदूतम जैसी उनकी कालजयी रचनाओं से प्रेरणा लेकर हमें अपनी पृथ्वी को बचाना होगा। पर्यावरण-संरक्षण, जलवायु-संरक्षण की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने होंगे, क्योंकि रहने के लिए कोई दूसरी पृथ्वी उपलब्ध नहीं है। महाकवि कालिदास ने अपनी रचनाओं में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है जो सदैव प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि भारत ने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेष दिया। भारत ने दुनिया को योग दिया।

उप राष्ट्रपति ने समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली विभूतियों को राष्ट्रीय कालिदास सम्मान अलंकरण से सम्मानित भी किया।

एफएसएसएआई-न्यूनतम शेल्फ

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण-एफएसएसएआई ने ईकॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों-एफबीओ से खाने पीने की वस्तुओं को बेहतर बनाए रखने के लिए उनकी न्यूनतम शेल्फ लाइफ सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके अपनाने को कहा है। प्राधिकरण का कहना है कि उपभोक्ता को डिलीवरी के समय समाप्ति से पहले 30 प्रतिशत या 45 दिनों की न्यूनतम शेल्फ लाइफ सुनिश्चित होनी चाहिए। इससे ईकॉमर्स क्षेत्र के भीतर सुरक्षा मानक मजबूत बनाए जा सकेंगे। प्राधिकरण ने ईकॉमर्स एफबीओ के लिए अनुपालन आवश्यकताओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में ज़ोमैटो और स्विगी जैसे ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों के साथ एक बैठक बुलाई। सत्र में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राधिकरण ने एफबीओ को ऑनलाइन आपूर्ति न कर पाने के प्रति आगाह किया। एफएसएसएआई के सुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने कहा इससे भ्रामक जानकारी को रोका जा सकेगा और उपभोक्ताओं को सटीक उत्पाद मिलने के अधिकार की रक्षा हो सकेगी।

साइबर क्राइम-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पुलिस के ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कल राज्य साइबर पुलिस हेडक्वार्टर भोपाल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने साइबर क्राइम विशेषकर डिजिटल अरेस्ट के बढते मामलों पर जानकारी ली और साइबर पुलिस को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जा सके, इसके लिए पुलिस प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

कार्तिक मेला

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदापुरम के नर्मदा और तवा के संगम स्थल पर लगने वाला प्रसिद्ध बांद्राभान मेला आज से शुरू हो रहा है। मुख्य स्नान 14 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। नर्मदा नदी और तवा नदी के संगम स्थल पर आयोजित इस बांद्राभान मेले में कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ता है। 3 से 4 दिन चलने वाले इस मेले में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने और मोक्ष की कामना लिए यहां पहुंचते हैं। मेला अवधि के दौरान सुरक्षा, मेडिकल, पार्किंग, परमिट आदि के इंतजाम कर लिए गए हैं। इसे लेकर तवा नर्मदा नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं के

स्नान की जगह तय कर बांस के बेरिकेड्स और जाल लगाए गए हैं। होमगार्ड के तैराक सैनिकों के अलावा मेला और अन्य चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर नगर सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।
- खंडवा में कल सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ नगर निगम के विशेष अभियान में तीन प्रतिष्ठानों से 8,000 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। इसके अलावा इमारतों के तलघर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ भी नगर निगम ने नोटिस जारी किया है।
- आगर मालवा में चिन्हित पात्र दिव्यांगजन को आज कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा।
- डिंडोरी जिले में कल देवउठनी एकादशी से मड़ई मेला ष्षुरू हो गया। मड़ई मेला डिंडौरी जिले में आयोजित होने वाला प्रमुख मेला है, जो प्रतिवर्ष देवउठनी एकादशी से प्रारंभ होकर एक माह से भी अधिक समय तक गाँव-गाँव में आयोजित किया जाता है।
- मंडला शहर के नर्मदा तट के रपटाघाट को अब महिष्मती घाट के नाम से जाना जाएगा। देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर गंगा तट में होने वाली आरती के तर्ज पर कल पंचचौकी महाआरती की शुरूआत की गई।
- इंदौर में आज मध्य प्रदेष रणजी ट्राफी मुकाबले में पष्चिम बंगाल के खिलाफ मैच में उतरेगा।
- जबलपुर के पाटन थाना स्थित गुरु मोहल्ला में रहने वाले दो बच्चों की हिरन नदी में डूबने से मौत हो गई। वहीं नर्मदापुरम जिले के औबेदुल्लागंज-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल षाम एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई।

...................................